# कार्यालय जिलाधिकारी,फतेहपुर

संख्याः 123/21-स्था.नि. (2016-17) दिनांकः 27/7/2016

## विज्ञप्ति

सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊ के पत्र सं-2021/ 9-1-16-185-सा/10टी.सी. दिनांक 04.7.2016 के द्वारा जनपद फतेहपुर की समस्त नगर निकायों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सफाई कार्मिकों की संविदा पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निम्न प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | निकाय का नाम | भर्ती योग्य रिक्त पद | अनुसूचित जाति | अनु.जन जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद, फतेहपुर | 196 | 41 | 02 | 53 | 100 |
| 2. | नगर पालिका परिषद, बिन्दकी | 27 | 06 | - | 07 | 14 |
| 3. | नगर पंचायत खागा | 32 | 07 | - | 09 | 16 |
| 4. | नगर पंचायत किशनपुर | 04 | 01 | - | 01 | 02 |
| 5. | नगर पंचायत बहुआ | 14 | 03 | - | 04 | 07 |
| 6. | नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद | 33 | 07 | - | 09 | 17 |
| 7. | नगर पंचायत हथगाम | 19 | 04 | - | 05 | 10 |

### आवेदन पत्र की शर्तें व निर्देश

1. संविदा सफाई कर्मियों को निर्धारित संविदा धनराशि (सम्बन्धित पद का अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों को समय-समय पर देय मंहगाई भत्ते के समान धनराशि) देय होगी।
2. आवेदन पत्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक से संबंधित अधिशासी अधिकारी के कार्यालय में प्रकाशन के दिनांक से 10 दिन के अन्दर तक प्राप्त हो जाने चाहिए। नियम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। विभाग डाक प्रेषण में खोने या किसी प्रकार के विलम्ब हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।
3. आवेदन हेतु लिफाफे पर सम्बन्धित निकाय का नाम (जिस निकाय हेतु आवेदन किया गया है) अवश्य अंकित होना चाहिए।
4. आवेदन करने के लिए दिनांक 01.07.2016 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त समय-समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी शासनादेश के अनुसार अधिकतम आयु सीमा छूट अनुमन्य होगी।
5. निकाय में पहले से संविदा वेतन पर नियुक्त अथवा ठेकेदारों के माध्यम से संविदा पर कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मैनुअल स्कैवेंजरों को भी निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर इस भर्ती में वरीयता दी जायेगी। (अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है)
6. संविदा सफाई कार्मिकों की सेवायें संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उसकी संविदा सेवायें समाप्त की जा सकेगी।
7. यह नियुक्ति पूर्णतः सफाई के उद्देश्य के अधीन संविदा पर है। संविदा पर रखे जाने वाले सफाई कार्मिकों को चयन गठित समिति द्वारा किया जायेगा। इस नियुक्ति के आधार पर राज्य सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति पाने का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
8. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप ए-4 कागज पर कम्प्यूटर से टाइप होना अनिवार्य है। विज्ञप्ति की फोटो स्टेट/हस्तलिखित आवेदन पत्र अपूर्ण, अहस्तान्तरित, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित प्रारुप पर न होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदनकर्ता की होगी।
9. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक योग्यता, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र आदि स्वः प्रमाणित छायाप्रतियां अनिवार्य रूप से संलग्न की जाये।
10. आवेदन पत्र के साथ स्वयं के पता लिखे हुए दो लिफाफे जिसमें रजिस्टर्ड डाक टिकट लगे हों अभ्यर्थी संलग्न करेंगे।
11. मूल प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।
12. किसी भी समय बिना किसी कारण बताये चयन/नियुक्ति प्रक्रिया निरस्त/स्थगित की जा सकती है।
13. निकायवार साक्षात्कार के संबंध में सूचना समाचार पत्र के माध्यम से पृथक से दी जायेगी।

अपर जिलाधिकारी
फतेहपुर

### आवेदन पत्र का प्रारुप

**संविदा सफाई कर्मी की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र पर निकाय का नाम ..................................**

10. नाम :- ..........................................
11. पिता/पति का नाम :- ..........................................
12. पत्र व्यवहार का पता :- ..........................................
..........................................
मोबाइल नं.:-
13. स्थाई पता :- ..........................................
..........................................

आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो

14. जाति :- ..........................................
15. जन्म तिथि :- ..........................................
16. आवेदक की आयु :- वर्ष .................... माह .................... दिन ....................
17. शैक्षिक योग्यता :-

| क्र.सं. | शैक्षिक योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

18. अनुभव प्रमाण पत्र यदि कोई हो ..........................................

### घोषणा पत्र

एतद्द्वारा मैं ............................ घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त समस्त सूचनाएं एवं संलग्न सभी अभिलेख मेरी जानकारी में सही हैं। मेरे द्वारा दी गई कोई सूचना किसी स्तर पर गलत/असत्य पायी जाये तो मेरा आवेदन/नियुक्ति निरस्त कर दी जाये। मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ लिया है और यह मुझे उसी प्रकार मान्य है।

संलग्नकों की संख्या .................... अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
संलग्नकों का विवरण .................... नाम ....................
पता ....................
मो.नं. ....................